अत्यावश्यक

नगरपालिका आम/उप-निर्वाचन, 2025

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या -न.नि.50-232/2022- 2322

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा (भा.प्र.से.)
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी-सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)।
सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक
(नवादा, औरंगाबाद , शिवहर, दरभंगा, मधेपुरा, किशनगंज, शेखपुरा एवं जमुई जिला **को छोड़कर**)

पटना, दिनांक - 28.5.2025

विषय : नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2025 - गैर जमानतीय वारंट (NBW) का अनुपालन करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आयोग के प्रासंगिक पत्रांक 2228 दिनांक 24.05.2025 द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन तथा नगरपालिका उप निर्वाचन, 2025 सम्पन्न कराये जाने का निर्देश दिये गये हैं। जिसके अनुसार दिनांक 28.05.2025 से 05.06.2025 तक निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया जायेगा। ऐसी संभावना है कि वैसे व्यक्ति जिनके विरूद्ध गैर जमानती वारंट निर्गत है, वे भी नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोग का निदेश है कि लंबित गैर जमानतीय वारंट (NBW) के साथ संबंधित थाना प्रभारी या उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी नामांकन प्रक्रिया के दौरान नामांकन स्थल पर उपस्थित रहने हेतु निदेशित करें ताकि नमांकन के उपरान्त वैसे व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा सके। इस बात का ध्यान रखा जाय कि वैसे व्यक्ति द्वारा आत्मसमर्पण के बाद ही नामांकन कर सके।

उक्त सन्दर्भ में स्पष्ट किया जाता है कि इसमें चूक होने पर सभी संबंधित पदाधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

अनुरोध है कि उपरोक्त निदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय एवं सभी संबंधित को उक्त निदेश से अवगत करा दिया जाय।

विश्वासभाजन,
28.5.25
सचिव।

ज्ञापांक - न.नि.50-232/2022- 2322 पटना, दिनांक - 28.5.25

प्रतिलिपि आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

28.5.25
सचिव।

27.5.25

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

ज्ञापांक – न.नि.50-232/2022– 2322 पटना, दिनांक - 28.5.2025

प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्त/ सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/ सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/5/25

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि.50-232/2022– 2322 पटना, दिनांक - 28.5.2025

प्रतिलिपि सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/5/25

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि.50-232/2022– 2322 पटना, दिनांक - 28.5.2025

प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/5/25

सचिव।